SET-2

**Series WXYZ/S**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/S/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

## GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* $17\times1=17$

**1.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* भारत में, जल की प्रति व्यक्ति उपलब्धता लगातार कम हो रही है।

*कारण (R) :* जनसंख्या में तीव्रतर वृद्धि और जल संसाधन का निम्नीकरण इसके मुख्य कारण हैं।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(B) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(C) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions. Each question carries* ***5*** *marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION A

*Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions.* *17×1=17*

**1.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* In India, the per capita availability of water is continuously decreasing.

*Reason (R) :* Greater increase in population and degradation of water resources are the main reasons.

Options :

(A) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(B) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

**2.** भारत में प्राचीन नगरों से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. अधिकांश प्राचीन नगर धार्मिक अथवा सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित हुए।

II. कुछ प्राचीन नगर सिंधु घाटी सभ्यता के युग में विकसित हुए।

III. इनमें से कुछ 2000 और अधिक वर्ष पुराने हैं।

IV. वाराणसी, लखनऊ, पांडिचेरी (पुदुचेरी), आदि प्राचीन नगर के कुछ उदाहरण हैं।

विकल्प :

(A) केवल I, II और IV सही हैं।
(B) केवल I, II और III सही हैं।
(C) केवल I, III और IV सही हैं।
(D) केवल II, III और IV सही हैं।

**3.** ज्यामितीय प्रारूप की विशेषता वाली सघन ग्रामीण बस्तियाँ, जो अधिकतर मैदानी क्षेत्रों में पाई जाती हैं, उन्हें ____________ कहा जाता है।

(A) गुच्छित बस्तियाँ
(B) पल्ली बस्तियाँ
(C) परिक्षिप्त बस्तियाँ
(D) अर्ध-गुच्छित बस्तियाँ

**4.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत में सबसे पहली पूर्ण जनगणना हुई ?

(A) 1871
(B) 1872
(C) 1881
(D) 1891

**5.** मानव विकास के निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण पहलुओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. एक लंबा और स्वस्थ जीवन जीना

II. लोगों की ज्ञान तक पहुँच

III. उच्च आय के साथ जीवन जीना

IV. लोगों की संसाधनों तक पहुँच

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।
(B) केवल I, II और IV सही हैं।
(C) केवल I, III और IV सही हैं।
(D) केवल II, III और IV सही हैं।

**2.** Read the following statements regarding ancient towns in India and choose the correct option.

I. Most of the ancient towns developed as religious or cultural centres.

II. Some of the ancient towns developed at the time of Indus Valley Civilisation.

III. Some of them are as old as 2000 years and even more.

IV. Some examples of ancient towns are Varanasi, Lucknow, Pondicherry, etc.

Options :

(A) Only I, II and IV are correct. (B) Only I, II and III are correct.

(C) Only I, III and IV are correct. (D) Only II, III and IV are correct.

**3.** The rural compact settlements characterised by geometrical pattern mostly found in plain areas are known as ________.

(A) Clustered settlements (B) Hamleted settlements

(C) Dispersed settlements (D) Semi-clustered settlements

**4.** The first complete census in India was conducted in which of the following years ?

(A) 1871 (B) 1872

(C) 1881 (D) 1891

**5.** Read the following important aspects of human development carefully and choose the correct option.

I. Leading a long and healthy life

II. People's access to knowledge

III. Leading a life with high income

IV. People's access to resources

Options :

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'मानव विकास उपागम' मानव को विकास का लाभार्थी मानता है ?

(A) आय उपागम (B) कल्याण उपागम

(C) आधारभूत आवश्यकता उपागम (D) क्षमता उपागम

**7.** जीवन के आध्यात्मिक, ग़ैर-भौतिक और गुणात्मक पहलुओं की वकालत निम्नलिखित में से किसमें की गई है ?

(A) सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता (GNH)

(B) सकल घरेलू उत्पाद (GDP)

(C) मानव विकास सूचकांक (HDI)

(D) सामाजिक विकास सूचकांक (SDI)

**8.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* 1901 से 1921 की अवधि को भारत की जनसंख्या की वृद्धि की स्थिर प्रावस्था की अवधि कहा जाता है।

*कारण (R) :* इस अवधि के दौरान, जन्मदर और मृत्युदर दोनों बहुत अधिक थीं।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(B) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(C) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**9.** भारत के निम्नलिखित नगरों को उनके विकास के आधार पर सबसे पुराने से नवीनतम क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. दिल्ली II. सूरत

III. मदुरै IV. दुर्गापुर

विकल्प :

(A) III, I, IV, II (B) III, I, II, IV

(C) I, III, II, IV (D) I, III, IV, II

6. Which one of the following 'approaches to human development' considers human beings as the beneficiaries of development ?

(A) Income approach (B) Welfare approach

(C) Basic needs approach (D) Capability approach

7. Spiritual, non-material and qualitative aspects of life is advocated in which one of the following ?

(A) Gross National Happiness (GNH)

(B) Gross Domestic Product (GDP)

(C) Human Development Index (HDI)

(D) Social Development Index (SDI)

8. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* The period from 1901 to 1921 is referred to as a period of stagnant growth of India's population.

*Reason (R) :* During this period, both birth rate and death rate were very high.

Options :

(A) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(B) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

9. Arrange the following towns of India on the basis of their evolution from the oldest to the newest order and choose the correct option.

I. Delhi II. Surat

III. Madurai IV. Durgapur

Options :

(A) III, I, IV, II (B) III, I, II, IV

(C) I, III, II, IV (D) I, III, IV, II

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा रूपक प्रकृति के साथ मानव के संबंध का वर्णन ***नहीं*** करता है ? सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) तूफ़ान की आँख (B) जलडमरुमध्य की ग्रीवा

(C) बहते पानी का पिंड (D) पृथ्वी का रूप

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ग़ैर-पर्यावरणीय निश्चयवाद को इंगित करता है ?

(A) प्रकृति के आदेशों को अपनाना

(B) प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंध

(C) सांस्कृतिक भू-दृश्य की रचना करना

(D) मानव का प्रकृतीकरण

**12.** "मानव भूगोल क्रियाशील मानव और अस्थिर पृथ्वी के बीच परिवर्तनशील संबंधों का अध्ययन है।" मानव भूगोल की यह परिभाषा __________ के द्वारा दी गई।

(A) पॉल विडाल-डी-ला ब्लाश (B) रैटज़ेल

(C) एलन सी. सेंपल (D) रिचर्ड हार्टशोर्न

**13.** जलसंभर प्रबंधन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ? सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. जलसंभर प्रबंधन से तात्पर्य धरातलीय और भूजल के कुशल प्रबंधन और संरक्षण से है।

II. इसमें धरातलीय अपवाह को रोकने और भूजल का पुनर्भरण शामिल है।

III. जलसंभर प्रबंधन की सफलता काफी हद तक सामुदायिक भागीदारी पर निर्भर करती है।

IV. इस परियोजना का क्रियान्वयन संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के कार्यालय द्वारा किया जाता है।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं। (B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं। (D) केवल II, III और IV सही हैं।

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री पत्तन वेम्बनाड कयाल के शीर्ष पर स्थित है ?

(A) तूतीकोरिन पत्तन (B) एन्नोर पत्तन

(C) कोच्चि पत्तन (D) मार्मागाओ पत्तन

**10.** Which of the following metaphors do ***not*** describe the relation of humans with nature ? Choose the correct option.

(A) Eye of a cyclone (B) Neck of the isthmus

(C) Body of moving water (D) Face of the earth

**11.** Which of the following statements indicate non-environmental determinism ?

(A) Adoption to the dictates of nature

(B) Harmonious relation with nature

(C) Creation of cultural landscapes

(D) Naturalisation of humans

**12.** "Human geography is the study of the changing relationship between the unresting man and the unstable earth." This definition of human geography was given by __________.

(A) Paul Vidal-de-la Blache (B) Ratzel

(C) Ellen C. Semple (D) Richard Hartshorne

**13.** Which of the following statements regarding watershed management are correct ? Choose the correct option.

I. Watershed management refers to efficient management and conservation of surface and groundwater.

II. It involves the prevention of surface runoff and recharge of groundwater.

III. The success of watershed management largely depends upon community participation.

IV. The project is executed by the office of the Chief Ministers of respective states.

Options :

(A) Only I, II and III are correct. (B) Only I, II and IV are correct.


(C) Only I, III and IV are correct. (D) Only II, III and IV are correct.

**14.** Which one of the following sea ports is located at the head of Vembanad Kayal ?

(A) Tuticorin port (B) Ennore port

(C) Kochchi port (D) Marmagao port

*नीचे दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए :*




**15.** 1950 – 51 से 2014 – 15 तक निम्नलिखित में से किस भू-उपयोग श्रेणी में अधिकतम निरपेक्ष गिरावट दर्ज हुई ?

(A) फसल व विविध वृक्षों के अधीन क्षेत्र

(B) कृषि योग्य व्यर्थ-भूमि

(C) वर्तमान परती के अतिरिक्त परती भूमि

(D) बंजर एवं ग़ैर-कृषि योग्य व्यर्थ-भूमि

**16.** 1950 – 51 से 2014 – 15 तक निम्नलिखित में से कौन-सा निवल बोए क्षेत्र में वृद्धि का सबसे उत्तम कारण है ?

(A) बंजर व ग़ैर-कृषि व्यर्थ-भूमि में गिरावट

(B) कृषि योग्य व्यर्थ-भूमि में गिरावट

(C) ग़ैर-कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि क्षेत्र में बढ़ोतरी

(D) वन आवरण क्षेत्र में बढ़ोतरी

**17.** 1950 – 51 से 2014 – 15 तक निम्नलिखित में से किस भू-उपयोग श्रेणी में अधिकतम निरपेक्ष वृद्धि दर्ज हुई ?


(A) वन

(B) ग़ैर-कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि क्षेत्र

(C) स्थायी चरागाहें

(D) निवल बोया क्षेत्र

*Study the following graph carefully and answer the questions no.* ***15*** *to* ***17*** *:*




**15.** Under which one of the following categories of land use, maximum absolute decrease is observed from 1950 – 51 to 2014 – 15 ?

(A) Area under miscellaneous tree crops and groves

(B) Culturable wasteland

(C) Fallow, other than current fallow

(D) Barren and unculturable wasteland

**16.** Which one of the following is the best reason for the increase in net area sown from 1950 – 51 to 2014 – 15 ?

(A) Decrease in barren and unculturable wasteland

(B) Decrease in culturable wasteland

(C) Increase in area under non-agricultural use

(D) Increase in area under forest cover

**17.** Under which one of the following categories of land use, maximum absolute increase is observed from 1950 – 51 to 2014 – 15 ?

(A) Forests

(B) Area under non-agricultural use

(C) Permanent pasture and grazing land

(D) Net area sown

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***17*** *के स्थान पर हैं।*

**15.** कृषि भूमि पर उच्च दबाव के कारण, भू-उपयोग के निम्नलिखित में से किस श्रेणी में 1950 – 51 की तुलना में 2014 – 15 में कमी आई है ?

(A) वर्तमान परती भूमि के अंतर्गत क्षेत्र

(B) वन आवरण के अंतर्गत क्षेत्र

(C) बंजर एवं ग़ैर-कृषि योग्य व्यर्थ-भूमि

(D) स्थायी चरागाहें भूमि

**16.** 1950 – 51 से 2014 – 15 तक भारतीय अर्थव्यवस्था की बदलती संरचना के कारण भू-उपयोग की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में अधिकतम वृद्धि हुई ?

(A) वर्तमान परती भूमि के अंतर्गत क्षेत्र

(B) स्थायी चरागाहें भूमि

(C) वन आवरण के अंतर्गत क्षेत्र

(D) ग़ैर-कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि क्षेत्र

**17.** 1950 – 51 की तुलना में 2014 – 15 के दौरान बोए गए निवल क्षेत्र में वृद्धि निम्नलिखित में से किसके कारण हुई ?

(A) कृषि योग्य व्यर्थ-भूमि में गिरावट

(B) बंजर व ग़ैर-कृषि योग्य व्यर्थ-भूमि में गिरावट

(C) ग़ैर-कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि क्षेत्र में बढ़ोतरी

(D) वर्तमान परती भूमि में बढ़ोतरी

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या* ***18*** *एवं* ***19*** *स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* *2×3=6*

**18.** निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=1*

***भारत का सड़क जाल 2016***

| *क्र.सं.* | *सड़क वर्ग* | *लंबाई किमी में* |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय महामार्ग | 101011 |
| 2. | राज्य महामार्ग | 176166 |
| 3. | प्रमुख जिला सड़कें | 561940 |
| 4. | ग्रामीण सड़कें | 3935377 |
| | **कुल** | **4774494** |

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Questions No.* ***15*** *to* ***17****.*

**15.** Due to high pressure on agricultural land, under which one of the following categories of land use is reduced in 2014 – 15, when compared with 1950 – 51 ?

(A) Area under current fallow

(B) Area under forest cover

(C) Barren and unculturable wasteland

(D) Permanent pasture and grazing land

**16.** Due to the changing structure of the Indian economy, which one of the following categories of land use has increased the maximum between 1950 – 51 to 2014 – 15 ?

(A) Area under current fallow

(B) Permanent pasture and grazing land

(C) Area under forest cover

(D) Area under non-agricultural use

**17.** Increase in net area sown during 2014 – 15 in comparison to 1950 – 51 is caused by which one of the following ?

(A) Decrease in culturable wasteland

(B) Decrease in barren and unculturable wasteland

(C) Increase in area under non-agricultural use

(D) Increase in current fallow

## SECTION B

*Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Study the following table carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

***India Road Network 2016***

| *Serial No.* | *Road Category* | *Length in km* |
|---|---|---|
| 1. | National Highways | 101011 |
| 2. | State Highways | 176166 |
| 3. | Major District Roads | 561940 |
| 4. | Rural Roads | 3935377 |
| | **Total** | **4774494** |

(18.1) 2016 में राज्य महामार्गों के सापेक्ष राष्ट्रीय महामार्गों की लम्बाई कितने किमी कम है ? *1*

(18.2) 2016 में राज्य महामार्गों के सापेक्ष प्रमुख जिला सड़कें कितने किमी अधिक हैं ? *1*

(18.3) सड़कों की बहुत बड़ी लंबाई ग्रामीण सड़कों की श्रेणी में क्यों आती है ? *1*

**19.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*

**अंकीय विभाजक**

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर आधारित विकास से मिलने वाले अवसरों का वितरण पूरे ग्लोब पर असमान रूप से वितरित है। देशों में विस्तृत आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक भिन्नताएँ पाई जाती हैं। निर्णायक कारक यह है कि कोई देश कितनी शीघ्रता से अपने नागरिकों को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तक पहुँच और उसके लाभ उपलब्ध करा सकता है। विकसित देश, सामान्य रूप से, इस दिशा में आगे बढ़ गए हैं जबकि विकासशील देश पिछड़ गए हैं और इसी को अंकीय विभाजक कहा जाता है। इसी प्रकार देशों के भीतर अंकीय विभाजक विद्यमान है। उदाहरणत:, भारत अथवा रूस जैसे विशाल देश में यह अवश्यंभावी है कि महानगरीय केंद्रों जैसे निश्चित क्षेत्रों में परिधिस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अंकीय विश्व के साथ बेहतर संबंध तथा पहुँच पाई जाती है।

(19.1) 'अंकीय विभाजक' को परिभाषित कीजिए। *1*

(19.2) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के असमान विकास के कारण का उल्लेख कीजिए। *1*

(19.3) देशों के मध्य अंकीय विभाजन क्यों अस्तित्व में है ? *1*

(18.1) National highways are less by how many km with respect to state highways in 2016 ? *1*

(18.2) Major district roads are more by how many km with respect to state highways in 2016 ? *1*

(18.3) Why does a very large length of roads come under rural roads category ? *1*

**19.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

**The Digital Divide**

Opportunities emerging from the Information and Communication Technology-based development is unevenly distributed across the globe. There are wide ranging economic, political and social differences among countries. How quickly countries can provide ICT access and benefits to its citizens is the deciding factor. While developed countries in general have surged forward, the developing countries have lagged behind and this is known as the digital divide. Similarly digital divides exist within countries. For example, in large countries like India or Russia, it is inevitable that certain areas like metropolitan centres possess better connectivity and access to the digital world versus peripheral rural areas.

(19.1) Define the term 'digital divide'. *1*


(19.2) Mention the reason of uneven development of information and communication technology. *1*

(19.3) Why does digital divide exist within countries ? *1*

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं।* *4×3=12*

**20.** निम्नलिखित मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(20.1) मानचित्र पर दर्शाए गए जलमार्ग की पहचान कीजिए। *1*


(20.2) दिए गए जलमार्ग के दोनों ओर स्थित पत्तनों के नाम लिखिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(20.3) दिए गए जलमार्ग द्वारा जुड़े दो जल निकायों के नाम लिखिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

## SECTION C

*Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** Study the following map and answer the questions that follow :




(20.1) Identify the waterway shown on the map. *1*

(20.2) Name the ports on either side of the given waterway. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(20.3) Name the two water bodies connected by the given waterway. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **20** के स्थान पर है ।*

पनामा नहर के आर्थिक महत्त्व की व्याख्या कीजिए । *3*

**21.** (क) विश्व जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन आर्थिक कारकों की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) विश्व जनसंख्या में परिवर्तन के तीन घटकों की व्याख्या कीजिए । *3*

**22.** 1981 से लेकर आज तक भारत की जनसंख्या वृद्धि का विश्लेषण कीजिए । *3*

**23.** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भारत के वायु परिवहन की भूमिका की परख कीजिए । *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं ।* *5×5=25*

**24.** उपयुक्त उदाहरण देकर विश्व में कृषि-आधारित और खनिज-आधारित उद्योगों में अंतर स्पष्ट कीजिए । *5*

**25.** (क) भारत में खनिज संसाधनों की मुख्य विशेषताओं की परख कीजिए और उनके संरक्षण के लिए उपाय सुझाइए । *2+3=5*

**अथवा**

(ख) "ऊर्जा के ग़ैर-परंपरागत स्रोतों का बड़ा भविष्य है ।" भारत के संदर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *2+3=5*

**26.** (क) "चलवासी पशुचारकों की संख्या घट रही है और उनके द्वारा संचालित क्षेत्र सिकुड़ रहा है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) "भूमध्यसागरीय कृषि अत्यधिक विशिष्ट वाणिज्यिक कृषि है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *5*

**27.** (क) "अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कुछ राष्ट्रों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है, फिर भी यह अस्तित्व में बना हुआ है ।" उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *5*

**अथवा**

(ख) "अंतर्राष्ट्रीय व्यापार दोनों व्यापारिक साझेदारों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी होता है ।" उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *5*

**28.** (क) वायु प्रदूषण के मूल कारणों और मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों की परख कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) भारतीय शहरों में झुग्गी-बस्तियों (Slums) में रहने वालों के सम्मुख आने वाली समस्याओं की परख कीजिए । *5*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***20****.*

Explain the economic significance of Panama Canal. *3*

**21.** (a) Explain any three economic factors influencing the distribution of world population. *3*

**OR**

(b) Explain the three components of change in world population. *3*

**22.** Analyse the growth of India's population from 1981 to present day. *3*

**23.** Examine the role of air transport of India in international trade. *3*

## SECTION D

*Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** Differentiate between agro-based and mineral-based industries in the world, by giving suitable examples. *5*

**25.** (a) Examine the main characteristics of mineral resources in India and suggest measures for their conservation. *2+3=5*

**OR**

(b) "The non-conventional sources of energy have a great future." Evaluate the statement in the context of India. *2+3=5*

**26.** (a) "The number of nomadic herders has been decreasing and the areas operated by them shrinking." Explain the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "Mediterranean agriculture is highly specialised commercial agriculture." Explain the statement with examples. *5*

**27.** (a) "International trade may prove detrimental to some nations, yet it continues to exist." Justify the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "International trade is mutually beneficial to the trading partners." Justify the statement with examples. *5*

**28.** (a) Examine the sources of air pollution and its impact on human health. *5*

**OR**

(b) Examine the problems faced by the slum dwellers in Indian cities. *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

**29.** दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) में, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *5×1=5*

A. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

B. एक पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग के अंतिम सिरे (टर्मिनल) का स्टेशन

C. एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

D. निर्वाह संग्रहण का एक क्षेत्र

E. एक महत्त्वपूर्ण जलमार्ग

F. चलवासी पशुचारण का एक क्षेत्र

G. मिश्रित कृषि का एक क्षेत्र

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं।*
*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) जापान के प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(29.2) ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग के सबसे पश्चिम के अंतिम सिरे (टर्मिनल) के स्टेशन का नाम लिखिए।

(29.3) यमन के एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन के स्थान का नाम लिखिए।

(29.4) दक्षिण अमेरिका के एक निर्वाह संग्रहण क्षेत्र के नाम का उल्लेख कीजिए।

(29.5) प्रशांत और अटलांटिक महासागर को जोड़ने वाली नहर का नाम लिखिए।

(29.6) यूरोप और एशिया के एक चलवासी पशुचारण क्षेत्र के नाम का उल्लेख कीजिए।

(29.7) उत्तरी अमेरिका के मिश्रित कृषि के एक क्षेत्र के नाम का उल्लेख कीजिए।

## SECTION E

*Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the world (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them. *5×1=5*

A. A major sea port

B. Terminal station of a trans-continental railway

C. An international airport

D. An area of subsistence gathering

E. An important waterway

F. An area of nomadic herding

G. An area of mixed farming

***Note :*** *The following questions are for* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***29****.*

*Answer any* ***five*** *questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name the major sea port in Japan.

(29.2) Name the westernmost terminal station of the Australian Trans-Continental Railway.

(29.3) Name the place of an international airport of Yemen.

(29.4) Mention the name of an area of subsistence gathering of South America.

(29.5) Name the canal connecting the Pacific and the Atlantic Oceans.

(29.6) Mention the name of an area of nomadic herding of Europe and Asia.

(29.7) Mention the name of an area of mixed farming of North America.

**30.** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) में, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए। *5×1=5*

(30.1) पश्चिमी महाराष्ट्र में अवस्थित महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क की खानें।

(30.2) आंध्र प्रदेश में एक महत्त्वपूर्ण समुद्री पत्तन।

(30.3) दक्षिणी ओडिशा में बॉक्साइट की खानें।

(30.4) बिहार में अवस्थित एक तेल शोधन कारखाना।

(30.5) तमिलनाडु में अवस्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन।

(30.6) 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य।

(30.7) चाय उत्पादन में एक अग्रणी राज्य।

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*
*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) पश्चिमी महाराष्ट्र में अवस्थित महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क की खानों का उल्लेख कीजिए।

(30.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ आंध्र प्रदेश में एक महत्त्वपूर्ण समुद्री पत्तन अवस्थित है।

(30.3) ओडिशा के एक बॉक्साइट खनन क्षेत्र के नाम का उल्लेख कीजिए।

(30.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ बिहार में एक तेल शोधन कारखाना अवस्थित है।

(30.5) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तमिलनाडु में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन अवस्थित है।

(30.6) 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य के नाम का उल्लेख कीजिए।

(30.7) चाय उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

**30.** On the given political outline map of India (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols. *5×1=5*

(30.1) Important iron ore mines located in Western Maharashtra.

(30.2) An important sea port in Andhra Pradesh.

(30.3) Bauxite mines in Southern Odisha.

(30.4) An oil refinery located in Bihar.

(30.5) An international airport located in Tamil Nadu.

(30.6) A state with the lowest density of population as per 2011 census.

(30.7) A state leading in the production of tea.

***Note :*** *The following questions are for* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***30****.*

*Answer any* ***five*** *questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Mention important iron ore mines located in Western Maharashtra.

(30.2) Name the place where an important sea port is located in Andhra Pradesh.

(30.3) Mention the name of one bauxite mining area in Odisha.

(30.4) Name the place where an oil refinery is located in Bihar.


(30.5) Name the place where an international airport is located in Tamil Nadu.

(30.6) Mention the name of the state with the lowest density of population as per 2011 census.

(30.7) Name the state that leads in the production of tea.

प्रश्न संख्या 29 के लिए

**For question no. 29**



प्रश्न संख्या 30 के लिए

**For question no. 30**

